Printed from
नवभारत टाइम्स
Navbharat Times - Breaking news, views. reviews, cricket from across India

नोएडा-ग्रेनो को एनसीआर से जोड़ेगी मेट्रो

3 Feb 2011, 0400 hrs IST, नवभारत टाइम्स

श्यामवीर चावड़ा

ग्रेटर नोएडा।। नोएडा और ग्रेटर नोएडा को दिल्ली समेत एनसीआर के सभी प्रमुख शहरों को मेट्रो और सड़क मार्ग से जोड़ने की योजना है। इसके लिए अथॉरिटी ने दोनों शहरों के लिए चेन ऑफ कनेक्टिविटी प्रपोजल तैयार किया है। इससे डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन) भी सहमत है। इसके अलावा ग्रेनो में मेट्रो के संभावित यात्रियों के बारे में भी सर्वे किया गया है। इसके मुताबिक हर रोज करीब 65 हजार यात्री मेट्रो से सफर करेंगे। सभी प्रोजेक्ट वर्ष 2013 तक पूरे करने की प्लानिंग है।

ग्रेनो में मेट्रो

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार नोएडा और ग्रेटर नोएडा को एनसीआर के प्रमुख शहरों से डायरेक्ट जोड़ा जाएगा। इसके लिए मेट्रो और सड़कों का एक नेटवर्क तैयार किया जाएगा। नोएडा के सेक्टर-32 से ग्रेटर नोएडा के लिए मेट्रो चलेगी। इसका रूट भी तय किया जा चुका है। यह सेक्टर-32 से सेक्टर-50, 51, 78, 81, 83, 137, 143, 151, नॉलेज पार्क-1, नॉलेज पार्क-2, परी चौक, अल्फा-1, अल्फा-2, डेल्टा-1, नॉलेज पार्क-4, आरसी ग्रीन से होती हुई बोडाकी रेलवे स्टेशन तक जाएगी।

अथॉरिटी यह मेट्रो ट्रैक गुड़गांव मॉडल पर प्राइवेट कंपनी से बनवाएगी। इसके लिए अप्रैल में बिड ओपन होगी। अथॉरिटी ने डीएमआरसी को कंसलटेंट नियुक्त किया है। इस प्रोजेक्ट पर करीब 5 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

पूरा एनसीआर जुड़ेगा

गाजियाबाद, गुड़गांव, फरीदाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जेवर और दिल्ली को कनेक्ट करने के लिए चेन ऑफ कनेक्टिविटी प्रपोजल तैयार किया गया है। इसके तहत ग्रेटर नोएडा को मेट्रो के जरिए गाजियाबाद और जेवर से जोड़ा जाएगा। ग्रेटर नोएडा से मेट्रो 130 मीटर रोड के किनारे होती हुई नोएडा सेक्टर-62 तक आएगी और यह आगे गाजियाबाद के इंदिरापुरम से जुड़ेगी। इसी तरह मेट्रो 130 मीटर रोड के किनारे से जेवर के लिए भी प्रस्तावित है।

डीएमआरसी के प्लान के अनुसार नोएडा सेक्टर-62 से मेट्रो गाजीपुर (दिल्ली) को भी जोड़ेगी। गाजीपुर से कल्याणपुरी, मयूर विहार फेज-1, सराय काले खां, मूलचंद, एम्स होते हुए मेट्रो भीकाजी कामा प्लेस पहुंचेगी। इसी तरह नोएडा के सेक्टर-18 की ओर से भी मेट्रो दिल्ली को कनेक्ट कर रही है। इसी के जरिए एनएच-8, गुड़गांव और फरीदाबाद भी पहुंचा जा सकता है।

सड़कों का होगा जाल

मेट्रो के साथ - साथ सड़कों का जाल भी बिछाया जा रहा है। इसके तहत एफएनजी (फरीदाबाद - नोएडा - गाजियाबाद एक्सप्रेस - वे) बनाया जाएगा। यह नोएडा - ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस - वे से होकर गुजरेगा। इससे ग्रेटर नोएडा , जेवर , अलीगढ़ , मथुरा , महामाया नगर और आगरा तक पहुंचा जा सकेगा। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस - वे भी एनसीआर के शहरों को कनेक्ट कराएगा। 130 मीटर एक्सप्रेस - वे नोएडा , गाजियाबाद , ग्रेटर नोएडा और जेवर को कनेक्ट करेगा। 105 मीटर रोड ग्रेटर नोएडा के परी चौक से होकर गुलावठी के निकट कोटा सनोटा होती हुई हरिद्वार को कनेक्ट क रेगी।

Recommend Be the first of your friends to recommend this.

इस आर्टिकल को फेसबुक पर शेयर करें।
इस आर्टिकल को ट्वीट करें।

देश-दुनिया की खबरें विडियो में। देखने के लिए क्लिक करें।

About Us | Advertise with Us | Terms of Use | Privacy Policy | Feedback | Sitemap
Copyright © 2011 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved. For reprint rights: Times Syndication Service
This site is best viewed with Internet Explorer 6.0 or higher; Firefox 2.0 or higher at a minimum screen resolution of 1024x768